हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 2 दिसंबर 2025

04 शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचें व ई-अटेंडेंस...



07 महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा





## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण समाज परिचय सम्मेलन 28 दिसंबर को इंदौर में

**सीहोर।** मप्र ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में युवक-युवती परिचय सम्मेलन श्री आदिगौड़ ब्राह्मण समाज सेवा न्यास इंदौर के तत्वावधान में 28 दिसंबर को शुभ कारज गार्डन राजीव गांधी चौराहा इंदौर में आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुए उप कार्यालय सीहोर के अखिल शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस परिचय सम्मेलन में कुछ नवाचार किए जाएंगे। फार्म शहर के गांधी रोड स्थित आरती कंगन स्टोर्स से प्राप्त किए जा सकते है।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी। भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी।

### 28 करोड़ के प्रोजेक्ट पर सवाल, क्या डीपीआर में नहीं बताई गई थी निजी जमीन

# हाउसिंग बोर्ड ब्रिज पर नई 'बाधा': निर्माणाधीन आरओबी के ठीक सामने खड़ी की निजी दीवार

पूर्व पार्षद और स्थानीय रहवासी मनोज गुजराती ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए ब्रिज कॉर्पोरेशन पर लापरवाही की हद पार करने का आरोप लगाया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय पर निर्माणाधीन हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवर ब्रिज शुरू से ही विवादों में घिरा रहा है, लेकिन अब इस 28 करोड़ के प्रोजेक्ट पर एक नई और मुसीबत खड़ी हो गई है। हाउसिंग बोर्ड की तरफ ब्रिज के अंतिम छोर के पास एक निजी जमीन सामने आ गई है, जिसके मालिक ने हाल ही में ब्रिज के रास्ते पर एक पक्की दीवार खड़ी कर दी है। इस दीवार ने न केवल निर्माण पर ब्रेक लगा दिया है, बल्कि ब्रिज कॉर्पोरेशन की कार्यप्रणाली पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

पूर्व पार्षद और स्थानीय रहवासी मनोज गुजराती ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए ब्रिज कॉर्पोरेशन पर लापरवाही की हद पार करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने सीधे सवाल उठाए कि ब्रिज कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को 28 करोड़ के प्रोजेक्ट की डीपीआर में आगे निजी भूमि आएगी, बताया नहीं था क्या? राजस्व विभाग से कोई सीमांकन कराया गया था क्या? ब्रिज की आखिरी छोर की दीवार बना दी गई और अब नवनिर्मित दीवार के सामने निजी भूमि स्वामी ने हाल ही में अपनी बाउंड्री पक्की बना दी गई, जिससे अब तो रास्ता और छोटा हो गया।



#### सर्विस रोड का विरोध जारी, अब दीवार की चुनौती

यह नया विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहवासी लंबे समय से सर्विस रोड की मांग को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। रहवासी अब तक धरना, सांप-सीढ़ी प्रतियोगिता, घरों पर काले झंडे लगाने और आमरण अनशन तक कर चुके हैं। उनका आरोप है कि स्वीकृत

#### ब्रिज कॉर्पोरेशन ने शुरू की अधिग्रहण प्रक्रिया

इस नई चुनौती पर ब्रिज कॉर्पोरेशन भोपाल के इंजीनियर केसी वर्मा ने स्वीकार किया है कि उन्हें दीवार खड़ी किए जाने की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया सीमांकन में आधी रोड निजी जमीन निकल रही है। जमीन को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कलेक्ट्रेट व राजस्व कार्यालय में फाइल भेजी गई है, मुआवजा संबंधित जो भी प्रक्रिया होगी, उसे पूर्ण किया जाएगा।





राशि 2.76 करोड़ होने के बावजूद 1700 मीटर सर्विस रोड का निर्माण नहीं हो रहा है।

# विवाद के 5 दिन बाद वीआईटी विवि को कारण बताओ नोटिस

### उच्च शिक्षा विभाग ने जांच समिति की रिपोर्ट के बाद जारी की कार्रवाई की चेतावनी

#### 7 दिन में स्पष्टीकरण मांगा

**सीहोर।** वीआईटी में विवाद के 5 दिन बाद आख़रिकार उच्च शिछा विभाग ने प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन में स्पष्टकरण माँगा है. संतुष्टी पूर्ण जबाब न देने पर धारा 41(2) के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई के संकेत दिए हैं। नोटिस म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की तीन सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर जारी किया गया है। समिति की रिपोर्ट में विश्वविद्यालय प्रबंधन की कई गंभीर कमियां उजागर हुई हैं।

जांच समिति के अनुसार विश्वविद्यालय के छात्रावासों में मेस की स्थिति अत्यंत असंतोषजनक पाई गई। भोजन व जलपान की गुणवत्ता को लेकर बड़ी संख्या में छात्रों ने नकारात्मक प्रतिक्रिया दी। समिति के समक्ष प्रबंधन ने स्वीकार किया कि 14 से 24 नवंबर के बीच 23 विद्यार्थी और 12 छात्राएं पीलिया से संक्रमित हुईं। पेयजल में दुर्गंध की शिकायत भी मिली।

**'किले' जैसा माहौल, शिकायत करने पर दंड का भय :** रिपोर्ट के अनुसार परिसर में मनमानी और अनुशासन के नाम पर दमनकारी माहौल पाया गया। शिकायत करने पर छात्रों को





प्रताड़ित होने का डर, आई-कार्ड जब्त करने, परीक्षा में शामिल न करने, प्रायोगिक में कम अंक देने जैसी धमकियां, जिला सीएमएचओ को भी मुख्य गेट पर दो घंटे रोके जाने का उल्लेख किया गया है.

#### जवाबदेही में कमी

समिति ने पाया कि कई बार विद्यार्थियों व अभिभावकों को लिखित जानकारी नहीं दी जाती। विश्वविद्यालय में निर्णय लेने के अधिकार केवल दो-तीन अधिकारियों तक सीमित पाए गए।

**विश्वविद्यालय का रुख असहयोगपूर्ण' :** जांच टीम ने कहा कि निरीक्षण के दौरान प्रबंधन का रवैया सहयोगात्मक नहीं था और उसे पूर्वाग्रह था कि समिति उसके विरुद्ध काम कर रही है।

**एकपक्षीय कार्रवाई की चेतावनी :** अवर सचिव वीरन सिंह भलावी द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि निर्धारित समय में उचित स्पष्टीकरण न मिलने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

#### प्रबंधन की लापरवाही से बिगड़ी स्थिति

समिति ने बताया कि छात्रों में असंतोष बढ़ता रहा, पर प्रबंधन ने समय रहते कोई कदम नहीं उठाया।

स्थिति हाथ से निकलने पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने रात 2 बजे पुलिस को बुलाया।

#### स्वास्थ्य केंद्र में भारी अव्यवस्थाएं

- विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर में पीलिया से ग्रस्त छात्रों का कोई प्रमाणिक रिकॉर्ड नहीं
- क्लीनिकल स्टेब्लिशमेंट एक्ट के अनुसार पंजीयन नहीं
- मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का अभाव
- पेयजल का नियमित माइक्रोबायोलॉजिकल ऑडिट नहीं किया गया.

समिति ने कहा कि बीमारी फैलने के बावजूद प्रबंधन मामले को छुपाता रहा और कोई प्रभावी रोकथाम उपाय नहीं अपनाया गया।

### मंदसौर में होगी राज्य स्तरीय डॉज बॉल प्रतियोगिता

**सीहोर।** कई सालों से सीहोर टीम जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय डॉज बॉल प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन कर रही है। इसमें सबसे अहम प्रदर्शन करने वाली तनुश्री नागर को इस बार संभाग की कमान सौंपी गई है। मंदसौर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में वह कप्तान की भूमिका में नजर आएंगी। प्रतियोगिता के लिए सीहोर से दो बालिकाओं का चयन किया गया है। रविवार को शहर में उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र मंघानी आदि ने स्वागत करते हुए उन्हें रवाना किया। इस अवसर पर तनुश्री के पिता राधेश्याम नागर और माता भी मौजूद थीं। नव नियुक्त कप्तान ने बताया कि वह लगातार पांच सालों से डॉज बॉल खेल की प्रैक्टिस कर रही हैं। यह खेल खिलाड़ी को बहुत सक्रिय रखता है। तीसरी बार स्टेट के लिए खेल रही हैं। पूर्व में यह प्रतियोगिता गुना और देवास में हुई थी।

### गीता जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# श्रीमद भागवत गीता के 15 अध्याय का सस्वर किया गया वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राज्य शासन के निर्देशानुसार गीता जयंती के अवसर पर सीहोर स्थित आवासीय खेल परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीमद भागवत के 15वें अध्याय के सामूहिक पाठ के साथ हुई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कलेक्टर बालागुरू के. एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, पंडित मोहितराम पाठक, सदगुरू विद्यापीठ के नरेश तिवारी शामिल हए। सभी ने श्रीमद भागवत गीता के 15 अध्याय का सस्वर पाठ किया। गुरुकुल के छात्रों द्वारा गीता के श्लोक एवं संगीता संगीत





महाविद्यालय द्वारा प्रेरणा गीत का गायन किया। इस अवसर नगर पिलका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास के साथ साथ धर्म-संस्कृति के संरक्षण और इन्हें आगे बढ़ाने का काम कर रही हे। उन्होंने कहा कि ने गीता के सार और उसमें निहित जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता मनुष्य को कर्म, ज्ञान और भक्ति के समन्वित मार्ग पर चलना सिखाती है।

कार्यक्रम में महंत उद्धवदास महाराज ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के कर्मयोग सिद्धांत से निष्ठापूर्वक अपने कर्मपथ पर दृढ़ होकर चलने की अभिप्रेरणा मिलती है। महाभारत युद्ध के दौरान अर्जुन के गहन संशयों और जिज्ञासाओं से उपजे प्रश्नों के समाधान स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण ने ज्ञान-योग, कर्म-योग और भक्ति-योग के त्रि-गत संयोग से सनातन के आधारभूत चिंतन की भाव-भूमि तैयार की है, जो आज भी और आने वाली पीढ़ियों को भी अपने आलोक से ऊर्जस्वित करती रहेगी । श्रीमद भागवत भारतीय मनीषा के दर्शन और चिंतन का मूल आधार है, जो सद्कर्म के माध्यम से मनुष्य को अपने में ही दिव्यता का अनुभव करा देती है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, प्राचार्य आलोक शर्मा सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी तथा गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### संघ का शताब्दी वर्ष अभियान अंतिम चरण में

**सीहोर**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर चल रहा विशेष गृह संपर्क अभियान अब अंतिम चरण में है। इस अभियान में स्वयंसेवक गांव-गांव जाकर लोगों के घरों पर पहुंच रहे हैं। वे पत्रक बांट रहे हैं और संघ की गतिविधियों व उद्देश्यों की जानकारी दे रहे हैं। स्वयंसेवक मनोज मेवाड़ा ने बताया कि यह अभियान जन-भागीदारी से जुड़ा है। इसका मकसद संघ के कार्यों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है। पत्रकों में संघ की स्थापना, व्यक्ति निर्माण की प्रक्रिया, सेवा कार्य, कार्य विस्तार, पंच परिवर्तन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व-आधारित जीवन और नागरिक कर्तव्यों की जानकारी दी गई है। स्वयंसेवक राष्ट्रभक्ति और जनसेवा की भावना भी लोगों में जगा रहे हैं। बिलकिसगंज और झागरिया में संघ की टोली ने पत्रक वितरण का कार्य पूरा कर लिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने पत्रक पढ़े। उन्होंने संघ के कार्यों की सराहना की और अपनी प्रतिक्रिया भी दी।

### शंकरगढ़ पर पुलिस बल वाटिका का किया शुभारंभ

**देवास**। रविवार को शंकरगढ़ पर्वत क्षेत्र में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एवं मध्यप्रदेश के एडीजी (प्रशिक्षण) राजा बाबू सिंह का आगमन हुआ। उन्होंने क्षेत्र का अनौपचारिक निरीक्षण किया और यहाँ संचालित हरित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए टीम ग्रीन आर्मी और वन विभाग के प्रयासों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विलुप्त प्रजातियो जैसे दहीमान, त्रिवेणी के साथ अधिक से अधिक पौधों के अतिरिक्त रोपण का संयुक्त संकल्प लिया। ये सभी पौधे मध्यप्रदेश पुलिस बल वाटिका, शंकरगढ़ में लगाए जाएंगे। एडीजी सिंह ने कहा कि शंकरगढ़ की पारिस्थितिकी का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर औद्योगिक थाना टीआई शशिकांत चौरसिया, सुरेश धाकड़, विनोद जयसवाल टीम ग्रीन आर्मी से समरजीत सिंह जाधव, माखनलाल पटेल, यश पांचाल, तथा वन विभाग से डिप्टी रेंजर राकेश मोदी, किरण राठौर और सरजीत सिंह उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने क्षेत्र के संरक्षण, पुनर्जीवन और संवेदनशील पारिस्थितिकी को सुरक्षित रखने हेतु निरंतर सहयोग देने के संकल्प को दोहराया। एडीजी सिंह ने कहा कि "शंकरगढ़ प्रकृति की धरोहर है। पौधरोपण केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।


---

#### कलेक्टर बोले वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने की प्रक्रिया में तेजी लाएं

# शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचें व ई-अटेंडेंस अनिवार्य रूप से दर्ज करें : कलेक्टर

### कलेक्टर ने एसआईआर का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने पर अधिकारियों-कर्मचारियों और मतदाताओं को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराई जाएं।

बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने सीहोर जिले द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए जिले के सभी ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ सहित सीहोर जिले की पूरी टीम एवं मतदाताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सीहोर जिले की टीम ने अनुशासन, समर्पण और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह उपलब्धि जिले की मजबूत प्रशासनिक क्षमता और मतदाताओं के सहयोग का परिणाम है। कलेक्टर ने मतदाताओं का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी जागरूकता और सक्रिय भागीदारी का इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सभी विभाग भविष्य में भी इसी तत्परता और दक्षता के साथ कार्य करते रहेंगे, जिससे जिले के विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

कलेक्टर बालागुरू के. ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसआईआर का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण होने के बाद अब नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित सभी राजस्व संबंधी कार्यों का तेजी से निपटारा किया जाए, ताकि आमजन को समयबद्ध सेवाएं मिल सकें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही कलेक्टर ने राजस्व वसूली बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि विभागीय प्रयासों को मजबूत करते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्रीय भ्रमण बढ़ाने तथा बकाया वसूली अभियान को गति देने के निर्देश भी दिए। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि पंचायत भवनों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाए, ताकि पंचायत भवनों का उपयोग मूल उद्देश्य के अनुरूप हो सके। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इछावर जनपद में चार तथा सीहोर जनपद में दो नए पंचायत भवनों के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वन विभाग से आवश्यक अनुमति शीघ्र प्राप्त की जाए, ताकि निर्माण कार्य समय पर प्रारंभ हो सके।

#### भावान्तर योजना के सुचारू संचालन के निर्देश

जिले में सोयाबीन उपार्जन एवं भावान्तर भुगतान योजना के सुचारू संचालन के लिये कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि भावान्तर योजना का सुचारू संचालन नोडल अधिकारी स्वयं सुनिश्चित करें। उन्होंने मंडी प्रबंधन को निर्देशित किया कि यदि सोयाबीन की आवक पंजीयन से अधिक पाई जाती है, तो तत्क्षण आवश्यक कार्यवाही की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान तत्काल कराया जाए। जिन किसानों के भुगतान लंबित या फेल हो गए हैं, उनके मामलों का तत्काल निराकरण किया जाए।

#### ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं और शासकीय योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके

कलेक्टर बालागुरू के ने वन, राजस्व एवं जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन ग्रामों से राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाई जाए, ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं और शासकीय योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके। उन्होंने कहा कि लंबित वनाधिकार पट्टों तथा सामुदायिक दावों का शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने वन ग्रामों में सीमा निर्धारण का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने तथा समुचित अभिलेख तैयार करने हेतु राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

#### किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुँचकर अपनी ई-अटेंडेंस अनिवार्य रूप से दर्ज करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उपस्थिति दर्ज कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधितों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए समयपालन एवं डिजिटल उपस्थिति को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

---

## शराबी पतियों से परेशान गांव की महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंची

### गऊखेड़ी में नहीं होना चाहिए दारू की दुकान



**सीहोर**। जनपद पंचायत इछावर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गऊखेड़ी में संचालित शराब की दुकान बंद कराने की मांग मांग को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं ट्रैक्टर ट्रालियों में सवार होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची। महिलाओं ने नारेबाजी कर डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को ज्ञापन दिया।

डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को महिलाओं ने बताया कि पति और बेटों सहित अन्य परिजनों के द्वारा अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन किया जा रहा है जिस कारण हमें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पतियों के शराब के आदी होने के चलते हैं बच्चों का भविष्य भी खराब हो रहा है। घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ रही है शराबी पति सभा स्पीकर मारपीट कर रहे हैं गांव में जुआं सट्टा भी खेला जा रहा है कारण गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति और भी खराब होते चली जा रही हैं। ग्राम पंचायत सरपंच कल्याण सिंह मेवाडा ने भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों को इस मामले में लेटर लिख कर दिया है लेकिन इस मामले में अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन देने वालों में प्रेम भाई कांताबाई सोनू बाई,कलाबाई बसंताबाई धापू बाई, सिंगार बाई, चिंता बाई, चिंता बाई, संगीता बाई कविता बाई, कृष्ण बाई, पवन परमार, महेश, मनोहर राकेश,महेश राम सिंह, राय सिंह, कैलाश राहुल देव सिंह, कमलेश, अर्जुन, विक्रम सिंह आदि ग्राम वासी शामिल रहे।

---

### सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाले मौलाना मदनी को जेल में डाला जाए: विहिप



**सीहोर**। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकतार्ओ ने सुप्रीम कोर्ट पर भी उंगलियां उठाने वाले लोकतांत्रिक देश में इस्लामी आतंकवाद को बढ़ाने और आतंकवादियों को संरक्षण देने वाले जमीयत उलेमा ए हिन्दु के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी को जेल में डालने की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकतार्ओ ने सोमवार को विहिप के मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ नैतिक शिक्षा प्रमुख सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली थाना पहुंचकर नगर पुलिस अधीक्षक अभिनंदा शर्मा को मौलाना मदनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया है। विहिप बजरंग दल के पदाधिकारियो ने कहा कि मौलाना मदनी ने देश में दंगा भड़काने वाले बयान दिए हैं।

मौलाना मदनी मुसलमान को हिंदुओं के खिलाफ सीधे जिहाद करने के लिए उकसा रहे हैं। मौलाना मदनी ने सुप्रीम कोर्ट पर भी उंगलियां उठाई है। मदनी ने लोकतांत्रिक देश में इस्लामी आतंकवाद को बढ़ाने और आतंकवादियों को संरक्षण देने वाले लोगों को बरी किए जाने जैसी बातें कहीं है। विहिप बजरंग दल उनके ऊपर सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग करता है।

प्रदर्शन में जिला नैतिक शिक्षा प्रमुख राकेश कुमार विश्वकर्मा,जिला धर्म प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाह, जिलामंत्री राजेश गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष महेश मेवाड़ा जिला सह संयोजक आशीष सिसोदिया,नगर अध्यक्ष परमवीर जाट, यज्ञेश राठौर,नगर उपाध्यक्ष आशीष कुशवाह, नगर संपर्क प्रमुख क्षितिज श्रीवास्तव नगर सह सुरक्षा प्रमुख भगवान दास कुशवाह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## जिला जेल में हुआ गीता के 15वें अध्याय का पाठ का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार गीता जयंती के पावन अवसर पर जिला जेल सीहोर में गीता का पाठ किया गया। जिसमें जेल अधीक्षक सुश्री प्रतिभा पटेल द्वारा दीप प्रज्वलित व विधिवत पूजन कर किया गया। उपनिदेशक अक्षय सिहोते के द्वारा देव प्रतिमाओं पर पुष्पहार अर्पण किया गया। गायत्री परिवार के उप जोन प्रभारी रघुनाथ प्रसाद हजारी द्वारा सभी कैदियों को गीता के पंद्रह अध्याय का वाचन कर गीता के महत्व को बताया गया, साथ ही यह भी बताया गया कि व्यक्ति अपने कर्म से भाग्य को बनता है और आप जैसे कर्म करेंगे उसी के अनुरूप आपका भाग्य बनता हुआ चला जाएगा। कर्म की लेखनी से भाग्य को लिखा जाता है। गायत्री परिवार की टोली बने सिंह दांगी, मनोहर दांगी द्वारा श्री कृष्ण भगवान के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई एवं भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला। अंत में सभी बंदी भाइयों से नशा मुक्त रहने के लिए संकल्प दिलाया गया एवं सभी को नशे के होने वाले हानिकारक प्रभावों से जागरूक किया गया। कैदियों को अच्छे कर्म व ध्यान साधना योग प्राणायाम से अपने कर्मों के द्वारा अपने भाग्य को बदलने की प्रेरणा दी गई। गायत्री परिवार के जेल में निरंतर कार्य करने वाले राष्ट्रीय जेल प्रभारी प्रेमलाल कुशवाहा के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

---

## पत्रकार पर हुए हमले के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बुधनी**। इंदौर में वरिष्ठ पत्रकार हेमंत शर्मा और उनकी टीम पर हुए हमले के विरोध में सोमवार को स्थानीय पत्रकारों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों ने घटना की निंदा करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच और पत्रकार सुरक्षा नीति की मांग की। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. रमेश चंद्र शर्मा ने कहा कि ऐसे हमले पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर प्रहार हैं और इनकी रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाना जरूरी हैं। इस मौके पर संजय शर्मा, दीपक जाट,दुर्गेश भट्ट, आशीष श्रीवास्तव, हर्षित मांझी,कय्यूम अहमद आदि उपस्थित रहे।

---

### मानव श्रृंखला बनाकर किया एड्स के प्रति जागरूक

# रासेयो इकाई व जिला चिकित्सालय ने निकाली एड्स के प्रति जागरूकता रैली






हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को एड्स दिवस पर उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने जिला चिकित्सालय के सहयोग से सीहोर शहर में एड्स के प्रति जागरूकता रैली का आयोजन किया। सर्वप्रथम जिला चिकित्सालय से रैली को सिविल सर्जन सह अधीक्षक प्रभारी डॉक्टर आर के वर्मा, डॉ बीके चतुर्वेदी, आरएमओ डॉक्टर सुधीर श्रीवास्तव, डीपीएम डहरिया सर, नोडल अधिकारी जेडी कोरी चिकित्सालय प्रबंधक रीना पार्टीदार एवं उत्कृष्ट विद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र राय ने हरी झंडी दिखाकर आरंभ किया। रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की छात्राएं जागरूकता स्लोगन तख्ती लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे। जागरूकता रैली कोतवाली चौराहा पान चौराहा एवं अटल चौराहे से निकाली गई। कोतवाली चौराहा एवं अटल चौराहे पर स्वयंसेवकों एवं एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की छात्राएं ने मानव श्रृंखला बनाकर नागरिकों को एड्स के प्रति जागरूक किया। इसके पश्चात रैली मुख्य शहर से होते हुए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचकर समाप्त हुई रैली में आईटीसी काउंसलर संतोष अहिरवार एवं पुष्पा साहू अंग्रेजी के वरिष्ठ अध्यापक धनेश कुमार कोरचे हिंदी विद लीला भिलाला कामिनी मैडम तथा स्वयंसेवकों के साथ चल रहे थे। जिला अस्पताल पहुंचे वहां पर पुष्पा साहू ने अपने संबोधन में एचआईवी एड्स पर विस्तृत प्रकाश डाला श्री साई इंस्टीट्यूट के प्रभारी आशुतोष सर, श्रद्धा नागेश्वर एवं छात्राएं, लिली जोसेफ, सीमा, मोनिशा, संतोष अहिरवार, कामिनी गोड़, देवेंद्र वर्मा, कुलदीप तिग्गा एवं एनजीओ के समस्त स्टाफ द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग रहा, कार्यक्रम के अंत में डोली रानी ने आभार व्यक्त किया।

---

## इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट ने किया इंजीनियर दिनेश प्रजापति का सम्मान



**सीहोर** । शहर के अनेक मैरिज गार्डन, इमारतों, भवनों के अलावा अनेक होटलों की डिजाइन करने वाले आर्किटेक्ट इंजीनियर दिनेश प्रजापति को इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट ने सम्मानित किया। इस मौके पर क्षेत्रवासियों ने इंजीनियर प्रजापति को बधाई दी है। शहर के लिए यह एक अलग ही गौरव का विषय है कि आज शहर की प्रतिभाएं प्रदेश स्तर पर सीहोर शहर का नाम बढ़ा रही है। अभी तक बड़े शहरों के आर्किटेक्ट इंजीनियर ही अवार्ड पर काबिज होते रहे हैं लेकिन अब छोटे शहरों के इंजीनियर आर्किटेक्ट भी बड़े शहरों की आर्किटेक्ट इंजीनियर को चुनौती देते हुए दिखाई दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट भोपाल केंद्र एवं आदित्य बिरला सीमेंट कंक्रीट-डे, कंस्ट्रक्शन अवार्ड 2024-25 राजधानी भोपाल में आयोजित हुआ, जिसमें भोपाल एवं इंदौर रीजन के इंजीनियर आर्किटेक ने हिस्सा लिया, जिसमें अलग-अलग श्रेणी में अवार्ड दिए गए, शहर के प्रसिद्ध इंजीनियर दिनेश प्रजापति एवं उनकी धर्मपत्नी आर्किटेक्ट हिना प्रजापति को एक सम्मिलित प्रोजेक्ट पर ड्रीम होम कैटेगरी में अवार्ड दिया गया।

कैसे होता है प्रोजेक्ट सिलेक्ट एक माह पूर्व अपने प्रोजेक्ट की डिटेल के साथ पीपीटी बनाकर नियत प्रारूप में इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट भोपाल केंद्र को भेजना होता है जिसके बाद जूरी पैनल यानी सीनियर कंसल्टेंट प्रोजेक्ट की बारीकी से अध्ययन कर प्रोजेक्ट अवार्ड के लिए चुनते हैं। शहर के बेहतरीन आर्किटेक्ट दिनेश प्रजापति जिनके डिजाइन किए शहर के श्री कृष्णा रेस्टोरेंट, रायल पैलेस, एबी होटल, हरि होटल के अलावा इमारतों मकानों को जो भी देखता है वो शहर के प्रसिद्ध इंजीनियर दिनेश के कौशल की दाद दिए बिना नहीं रह पाता।

ऐसे बेहतरीन आर्किटेक्ट दिनेश प्रजापति को भोपाल में आयोजित एक समारोह में इंडियन कांक्रीट इंस्टिट्यूट द्वारा स्पेशल अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### आयोग ने पूर्व में 4 दिसंबर निर्धारित की थी एसआईआर पूर्णता की डेडलाइन

# एसआईआर की अंतिम तिथि बढ़ी अब 11 दिसंबर तक चलेगा कार्य

#### नए संशोधन के तहत जानिए, कब क्या होगा

| गतिविधियां | पुरानी तारीख | नई तारीख |
|---|---|---|
| एसआईआर पूर्णता | 04 दिसंबर | 11 दिसंबर |
| ड्राफ्ट सूची | 09 दिसंबर | 16 दिसंबर |
| दावा-आपत्ति | 09 दिसंबर से 8 जनवरी | 16 दिसंबर से 15 जनवरी |
| सुनवाई व सत्यापन | 09 दिसंबर से 31 जनवरी | 15 दिसंबर से 07 फरवरी |
| फाइनल सूची जारी | 07 फरवरी | 14 फरवरी |

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

देश के 12 राज्यों में चल रहे मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को निपटाने की अंतिम तिथि निर्वाचन आयोग ने बढ़ा दी है। आयोग ने पूर्व में एसआईआर कार्य पूर्णता की डेडलादन 04 दिसंबर निर्धारित की थी जिसे सात दिवस और बढ़ाते हुए 11 दिसंबर कर दिया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 04 नवंबर से शुरू हुए मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य की तिथि 04 दिसंबर निर्धारित की गई थी। रविवार को आयोग ने संशोधित कार्यक्रम जारी करते हुए एसआईआर की तिथि में सात दिन की बढ़ोतरी की है। हालांकि, इसके बाद आगे तिथि बढ़ाए जाने की संभावना बिल्कुल नगण्य है।

दरअसल, राजगढ़ जिले समेत प्रदेश के अन्य जिलों में उक्त कार्य 4 दिसंबर तक पूरी तरह से निपटाना मुश्किल जैसा हो रहा था। ऐसे में एसआईआर की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया गया है। इसके साथ मतदाता सूचियों के ड्राफ्ट, दावा-आपत्ति, सुनवाई, अंतिम सूची जारी करने की तारीखें भी आगे बढ़ाई गई हैं।

#### जिले में अब तक 92.50 प्रतिशत कार्य पूर्ण

जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की बात करें तो कल रविवार शाम 4 बजे तक की स्थिति में लगभग 92.51 फीसदी मतदाताओं के गणना-पत्रकों का डिजिटाईजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका था। जिले में कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाताओं में से 10 लाख 89 हजार 902 मतदाताओं के फार्म्स डिजिटाईज्ड किए जा चुके हैं। अब चूंकि, निवार्चन आयोग ने एसआईआर की पूर्व में निर्धारित डेडलाइन में 07 दिवस की बढ़ोतरी और कर दी है ऐसे में पूरी संभावना है कि निर्धारित दिनांक 11 दिसंबर तक जिले में एसआईआर का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो सकता है।

#### लगभग 15 हजार मृतक आ चुके हैं सामने

मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्य में अगर जिले की पांचों विधानसभाओं की बात करें तो अभी तक करीब 15 हजार ऐसे व्यक्तियों के नाम सामने आ चुके हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है परन्तु उनके नाम वोटर लिस्ट में जुड़े हुए थे। इसके साथ ही शिफ्टिेड व अन्य फर्जी वोटरों वाला आंकड़ा अलग है। आगामी दिनों में निवार्चन विभाग द्वारा पूरी स्थिति स्पष्ट की जाएगी।

# अवैध रूप से संचालित दूध केंद्र का संकलन बंद



**सारंगपुर।** शनिवार को सारंगपुर शहर एवं पचोर क्षेत्र में खाद्य अधिकारी शिवराज पावक ने कार्रवाई की। जांच दल ने विभिन्न खाद्य दुकानों तथा दूध संकलन केन्द्रों का निरीक्षण कर नियमानुसार दस्तावेजों एवं स्वच्छता मानकों की पड़ताल की। कार्रवाई के दौरान पचोर में स्थित भगवती ट्रेडर्स से खारक किशमिश के नमूने जांच हेतु एकत्रित किए गए। नमूनों को विधिक विश्लेषण प्रयोगशाला भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। इसी क्रम में सारंगपुर के गोपालपुर स्थित काननखेड़ी दूध संकलन केंद्र पर निरीक्षण किया गया, जहां प्रतिदिन 1000 लीटर से अधिक दूध का संकलन पाया गया। मौके पर संकलन प्रभारी अंकित पटेल एवं राजेश सोंधिया द्वारा आवश्यक खाद्य एवं दुग्ध संकलन लाइसेंस प्रदर्शित नहीं किए जा सके। लाइसेंस विहीन रूप से संकलन होने पर कार्रवाई करते हुए अग्रिम आदेश तक दूध संकलन रोकने के निर्देश जारी किए गए। इसके साथ ही बाजार क्षेत्र में संचालित गोपाल दूध डेयरी से मिक्स मिल्क का नमूना, तथा रंगैरवाडी स्थित प्रेमचंद सागरमल किराना दुकान पर निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं दस्तावेजों की जांच की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जिले में निरीक्षण व नमूना लेने की कार्यवाही नियमित रूप से जारी रहेगी। सभी व्यवसाय संचालकों से नियमानुसार लाइसेंस, स्वच्छता मानक एवं लेबलिंग अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

## कार्डियो पलमोनरी रिससिटेशन विषयों पर कार्यशाला आयोजित



**ब्यावरा।** इंदौर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सिद्धांत जैन द्वारा ब्यावरा के एक निजी होटल में राजगढ़ जिले के सरकारी और प्राइवेट डॉक्टरों को कार्डियो पलमोनरी रिससिटेशन आदि विषयों पर कार्यशाला आयोजित की गई एवं प्रशिक्षित किया। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर शोभा पटेल एवं सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। चिकित्सकों में डॉ राजेंद्र कठेरिया डॉक्टर राकेश गुप्ता डॉक्टर साहू डॉ प्रियंका यादव डॉ कमल दांगी डॉ योगेश डांगी डॉ अमित कोहली डॉक्टर देवाशीष डॉक्टर शाक्य एवं अन्य चिकित्सक और अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सीपीआर प्रशिक्षण प्रतिवर्ष पूरे मध्य प्रदेश में डॉक्टर के द्वारा शासन के निर्देशानुसार पुलिस विभाग के लिए भी आयोजित किया जाता है जिसका उद्देश्य हृदय गति रुकने पर अचानक से जटिल स्थिति निर्मित होती है तब मुंह से सांस देकर एवं हृदय की मसाज कर कैसे जान बचाए जा सके, इस बात का प्रशिक्षण होता है।

# महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शासकीय महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर खेल मैदान को व्यवस्थित एवं खेल सामग्री संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की। खिलाड़ियों ने बताया कि जिले का एक मात्र कॉलेज का खेल मैदान जिसमें बारह महीने खिलाड़ी खेल का अभ्यास एवं आर्मी, पुलिस की तैयारी करते हैं। साथ खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। कॉलेज द्वारा मैदान की अनदेखी के कारण मैदान उबड़-खाबड़ हो रहा है। कॉलेज में अध्ययनरत खिलाडियों को परेशानी उठाना पड रही है, लेकिन खेल मैदान सही नहीं होने व खेल सामग्री के अभाव में खिलाडी अपनी प्रतिभा का खुले मन से प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं।

खिलाड़ियों ने बताया कि महाविद्यालय स्तर की चल रही खेल प्रतियोगिता शासकीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस महाविद्यालय में आयोजित की गई। जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में ब्यावरा महाविद्यालय की टीम को ना तो किट प्रदान की ना ही भत्ता दिया। ऐसा जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भी हुआ, जो खिलाडियों दिया जाता है।

ब्यावरा महाविद्यालय द्वारा सभी खिलाड़ियों को किट शूज भत्ता दिए जाने थे जो नहीं दिए गए। महाविद्यालय के खेल मैदान को शीघ्र ही व्यवस्थित किया जाए, एथलीट और लॉन्ग जंप एवं हाई जंप ट्रैक तैयार करने, मैदान पर लाइट लगवाने एवं अन्य खेल सामग्रीय निरंतर खिलाड़ियों को उपलब्ध कराया जाए जिससे खिलाड़ी अपना अभ्यास निरंतर रख सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र शक्ति दुर्गेश दांगी, हर्ष परमार, नैतिक, संजू, मनीषा दांगी, लक्ष्मी मेवाड, निकिता सोधिया, रमन दांगी, कुणाल चौहान, विकास चंद्रवंशी आदि उपस्थित रहे।

### लगातार सामने आ रहे एयर वाल्वों में छेड़छाड़ करने के मामले

# पेयजल चोरी कर सिंचाई में उसका उपयोग कर रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हर घर, नल से जल पहुंचाने की शासन की महती योजना को अज्ञात ग्रामीणजन ही पलीता लगा रहे हैं। मोहनपुरा सिंचाई की नहरों के वाल्वों के साथ अब जल जीवन मिशन की पाइप लाइनों के एयर वाल्वों में भी छेड़छाड़ कर पेयजल चुराते हुए उसका उपयोग सिंचाई के लिए किया जा रहा है।

रात्रि में की जा रही इस चोरी की सूचना के बाद जब विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो पेयजल चोरी करने में लोग भाग खड़े हुए। जानकारी के अनुसार मोहनपुरा परियोजना के तहत ज्वालापुरा एमबीआर से जाने वाली 300 एमएम की पाइप लाइन का ऐयरवाल्व बोरकापानी गांव में हनुमान मंदिर के समीप लगा हुआ है। रात्रि के समय अज्ञात लोगों द्वारा पेयजल लाइन के इस एयर वाल्व में छेड़छाड़ कर उसमें पाइप लगाते हुए खेतों में सिंचाई का पानी पहुंचाया जाने की शिकायत जल निगम की टीम को मिली। टीम के मौके पर पहुंचने पर पेयजल चुराने वाले अज्ञात लोग मौके से भाग निकले।



#### खेतों में जाएगा पानी तो कैसे चलेंगे नल

उल्लेखनीय है कि मोहनपुरा परियोजना की पाइप लाइनों से छेड़छाड़ का यह कोई नया मामला नहीं है। इसके पूर्व भी वाल्वों, लाईनों में छेड़छाड़ करने की बातें सामने आ चुकी हैं। पेयजल का पानी सिंचाई में उपयोग करने से आसपास निर्मित पानी की टंकियां नहीं भरा पाती हैं और पेयजल सप्लाई बाधित होती है। विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि ऐसा करने वालों के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# बौद्धिक व खेलकूद प्रतियोगिताओं का पंचम चरण संपन्न हुआ



**पचोर।** स्थानीय शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल में वार्षिक बौद्धिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का पंचम चरण संपन्न हुआ। छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सीनियर, जूनियर, सब जूनियर ग्रुप की रस्साकशी, 100 मीटर दौड, नींबू दौड बैडमिंटन एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता संपन्न हुई। सीनियर ग्रुप की रस्सा कसी प्रतियोगिता में योगिता डाबी, नेहा नागर, रुक्मणी गुर्जर, भावना रुहेला, पूर्ति राजपूत, दीपिका किराड कशिश नागर, निशा जायसवाल, सुमन प्रजापति, लक्ष्मी रुहेला और जया पांडेय की टीम विजेता रही। इसी प्रकार छात्रा रामकन्या किराड रेणुका रेवारी, नीतू राजपूत, अश्विनी नागर, संजना मालवीय, संजना जायसवाल, कविता वर्मा, रिया जायसवाल, राधिका वैष्णव, प्रगति शर्मा और कंगना गुर्जर की टीम उपविजेता रही। रस्साकसी में बालकों की प्रतियोगिता में छात्र विशाल गुर्जर, गोविंद, गोवर्धन, मनीष, हरिओम, निलेश, अमन, अमन जयसवाल, अरुण कुंभकार व आयुष पांडे की टीम विजेता रही।

### अवैध रेत उत्खनन पर उठे सवाल, पुलिस प्रशासन अनजान

# रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



रविवार सुबह करीब सात बजे ग्राम बरोडी स्थित पुलिया के समीप रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से ड्राइवर की मौत हो गई। वाहन पार्वती नदी के समीप ग्राम सुंडी से रेत लेकर नरसिंहगढ़ की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि अचानक ब्रेक फेल होने से ट्रॉली पुलिया पर से पलट गई और चालक मुकेश पिता देवचंद धनगर, उम्र 40 वर्ष, निवासी बलवटपुरा ट्रॉली के नीचे दब गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। जहां पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटनाग्रस्त सो ना लि का ट्रैक्टर-ट्रॉली अनवर पिता मुख्तार अंसारी, निवासी नरसिंहगढ़ की बताई जा रही है।

#### बांध क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद जारी अवैध उत्खनन

जानकारी के अनुसार रेसई बांध परियोजना क्षेत्र में वर्ष 2017-18 से रेत उत्खनन पूर्णतरू प्रतिबंधित है। इसके बावजूद रात के समय पार्वती नदी किनारे ग्राम सुंडी में अवैध रेत उत्खनन लगातार हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रविवार की घटना में जिस रेत से भरी ट्रॉली ने चालक की जान ली, वह भी इसी क्षेत्र से भरी जा रही थी। घटना स्थल देवगढ चौकी क्षेत्र में आता है, लेकिन पुलिस व खनिज विभाग इस अवैध गतिविधि से अनजान बने हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि मिलीभगत से क्षेत्र में जमकर खनन चल रहा है। रात भर रेत की ट्रालियां दौड़ती है। लेकिन मामले में अभी तक कोई कार्यवाही देखने को नहीं मिली है।

# अभा विद्यार्थी परिषद का 71वां राष्ट्रीय अधिवेशन देहरादून में आयोजित



**ब्यावरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 71वां राष्ट्रीय अधिवेशन देहरादून में सम्पन्न हुआ। देशभर से आए हजारों छात्र प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न इस आयोजन में कई महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए तथा संगठन के भावी कार्यों की रूपरेखा तय की गई। अधिवेशन का विशेष आकर्षण रहा राजगढ़ विभाग संयोजक अमन व्यास का राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी के लिए चयन। परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में युवा नेतृत्व के रूप में उनका चयन न केवल राजगढ़ क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि आंदोलन और संगठनात्मक गतिविधियों के लिए भी महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। व्यास लंबे समय से विद्यार्थी परिषद की विभिन्न इकाइयों में महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हुए सक्रिय रहे हैं। छात्र हित, शिक्षा सुधार एवं सामाजिक जागरूकता के मुद्दों पर उनके योगदान को देखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी है। अधिवेशन में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। अमन व्यास ने विश्वास दिलाया कि वे छात्र हितों को सर्वोपरि रखते हुए संगठन के कार्यों को और अधिक ऊर्जा तथा प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाएंगे।

### 25 वर्षों तक कालीपीठ स्कूल में पदस्थ रहकर हुईं सेवानिवृत्त

# सेवानिवृत्त शिक्षिका के सम्मान में ग्रामीणों ने निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कई वर्षों तक कालीपीठ स्कूल में पदस्थ रहकर कल रिटायर्ड हुईं राजगढ़ निवासी शिक्षिका शीला शर्मा के सम्मान में स्कूल के विद्यार्थियों, ग्रामीणों व स्टाफजनों ने गांव में जुलूस निकालते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। बैंड-बाजे के साथ निकाले गए जुलूस में स्कूल के विद्यार्थी सहित अन्य नाचते-गाते हुए शामिल हुए। आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए श्रीमती शर्मा कुछ पलों के भावुक भी हो उठीं। इस दौरान स्कूल स्टाफ द्वारा उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि आपने अपने जीवनकाल में अनेकों बच्चों का भविष्य गढ़ा है। यह पल भावुकता के नहीं बल्कि खुशियां मनाने के हैं। आयोजित विदाई समारोह के दौरान श्रीमती शर्मा के परिजन भी उपस्तिथ रहे। विद्यालय एवं संकुल परिवार ने सेवाकाल के दौरान श्रीमती शर्मा के सहयोग, स्वच्छ छवि, पारदर्शी कार्यशैली पर अपने विचार व्यक्त किए।

#### शत-प्रतिशत परिणाम पर आयुक्त ने किया था सम्मानित

शिक्षा सत्र 2018-19 में हुई हाईस्कूल एवं हायरसेकन्ड्री की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम आने पर लोक शिक्षण आयुक्त द्वारा श्रीमती शीला शर्मा को सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। विद्यालय परिवार, ग्रामीणों व अन्य ने श्रीमती शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सभी देवताओं के भी आराध्य निराकार ज्योति स्वरूप परमात्मा शिव हैं : ब्रह्माकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के खारिया मोहल्ला के श्रीराम मंदिर में चल रहे सप्त दिवसीय शिव ज्ञानामृत कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में प्रवचनकर्ता ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने परमात्मा शिव के सत्य ज्ञान को जिज्ञासुओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि परमात्मा शिव को सभी स्वीकार करते हैं। क्योंकि वो अजन्मा, निराकार, स्वयंभू हैं। उनके कोई माता-पिता अथवा गुरु नही है। क्योंकि जगतपिता का कोई पिता हो ऐसा संभव नहीं है। सभी गुरुओं के भी सद्गुरु सद्गतिदाता परमात्मा शिव ही है।

सभी धर्मों ने उन प्रकाश स्वरूप निराकार परमात्मा को स्वीकार किया है। वे सर्वोच्च, सर्वोपरि, सर्वज्ञ और सर्व गुणों में अनन्त हैं।

### दिवगंत बब्बल सक्सेना की स्मृति में नेत्र शिविर का किया आयोजन

# एक ही परिवार के 13 सदस्यों ने लिया नेत्रदान का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अपने जीवनकाल में करीब आधा सैकड़ा से अधिक बार रक्तदान कर चुके मेन मार्केट निवासी राजेश सक्सेना उर्फ बब्बल का गत दिवस निधन हुआ था। स्टार मित्र मंडल एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में स्व. बब्बल की स्मृति में रविवार को स्थानीय गायत्री मंदिर परिसर में नेत्र शिविर का आयोजन करवाया गया।

शिविर के दौरान स्व. सक्सेना के ही परिवार के छोटे-बड़े 13 सदस्यों ने नेत्रदान का संकल्प लिया है। श्री सद्गुरू सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस शिविर में करीब 300 से अधिक लोगों का आई चेकअप किया गया जिनमें से 40 लोगों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। उल्लेखनीय है कि स्टार मित्र मंडल पूर्व से इस तरह नेत्र शिविरों का आयोजन करवाता आ रहा है।

#### इन्होंने लिया नेत्रदान का संकल्प

नेत्रदान का संकल्प लेने वालों में राकेश सक्सेना, अश्विनी सक्सेना, श्रृद्धा सक्सेना, सुषमा सक्सेना, संध्या पारीक, दिनेश पारीक, अमरेश सक्सेना, लक्की सक्सेना, द्विता सक्सेना, तन्मय सक्सेना, पंखुरी सक्सेना, वर्तिका सक्सेना शामिल हैं।

